## प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक **25-08-2025** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

### जनपदीय पुलिस द्वारा 03 वारंटी तथा शांति व्यवस्था भंग करने में 10 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।



अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा 03 वारंटी तथा 10 व्यक्तियों को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 में हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया।



**विवरण वारंटीः-**

**थाना कांठ-**

अरुण पुत्र शीशपाल सिंह निवासी ग्राम महमूदपुर माफी थाना कांठ जनपद मुरादाबाद सम्बन्धित मु0नं0 1676/2023 अ0सं0 292/2023 धारा 398/401 भादवि

**थाना डिलारी-**

नाजिम पुत्र हाजी मुस्ताक निवासी ग्राम ढकिया पीरू थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद

**थाना बिलारी-**

सज्जाद पुत्र जाहिद निवासी मौ0 ठाकुरान कस्बा व थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद संबंधित एसटी नं0- 224/2019 अ0सं0 478/18 धारा 323/436/307/120बी भादवि



**शांति व्यवस्था भंग के आरोपीगण विवरणः-**

**थाना कोतवाली नगर-03, थाना कटघर-02,थाना बिलारी-01,थाना भगतपुर-01,थाना सोनकपुर-02,थाना छजलैट-01**

**2-दि0 14/15.08.2025 को थाना मूंढापाण्डे क्षेत्रांतर्गत गोवंशीय पशु का वध करने तथा पुलिस टीम पर अवैध तमंचे से फायर करने वाले एक और अभियुक्त को थाना मूढांपाण्डे पुलिस ने मुठभेड़ में किया गिरफ्तार,अभियुक्त के कब्जे से गौवंशीय पशुओं का वध करने वाले औजार,घटना में प्रयुक्त एक अवैध तमंचा,01 खोखा कारतूस,01 जिंदा कारतूस किये गये बरामद।**



अवगत कराना है दिनांक 14/15.08.2025 को कुछ अज्ञात अभि0 गण द्वारा ग्राम सिरसखेड़ा व ग्राम नरखेड़ा के गौकशी की घटना की गई थी । उच्चाधिकारीगण द्वारा मौके पर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था । घटना के संबंध में सम्बन्ध में थाना मूंढापाण्डे पर मु0अं0स0- 368/2025 धारा- 3/5/8 सीएस एक्ट व 11 पशु क्रूरता अधि0 पंजीकृत है ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद द्वारा उक्त घटना कारित करने वाले अभियुक्तगण की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु दिये निर्देशन के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी हाईवे के पर्यवेक्षण एवं नेतृत्व में थाना मूंढापाण्डे पर टीम का गठन हुआ। गठित टीम द्वारा घटना कारित करने वाले अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे तथा क्षेत्र में मुखबिर भी सक्रिय किये गये। दिनांक 16.08.2025 को उक्त मुकदमे से संबंधित 02 अभियुक्तगण को थाना मूंढापाण्डे पुलिस टीम द्वारा पुलिस मुठभेड़ मे गिरफ्तार किय गया था।

उक्त मुकदमें मे वांछित अन्य अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु थाना मूंढापाण्डे पुलिस लगातार प्रयासरत थी तथा क्षेत्र मे मुखबिरों की भी सहायता ली जा रही थी। जिसके फलस्वरूप दिनांक 24.08.2025 की रात्रि को गश्त व संदिग्ध वाहन/व्यक्ति चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को सूचना मिली कि ग्राम सलीमपुर जंगल क्षेत्र में कुछ गौकश मौजूद हैं।

सूचना पर थाना मूंढापाण्डे पुलिस ग्राम सलीमपुर के जंगल में पहुंची, जहाँ दो संदिग्ध पैदल जाते मिले। टोकने व रोकने पर उनके द्वारा जान से मारने की नियत से पुलिस पर फायर किया। आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर मे गोली लगी तथा दूसरा अभियुक्त अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। घायल बदमाश को मौके से ही गिरफ्तार किया गया। जिसके द्वारा अपना नाम वसीम पुत्र नजीर अहमद निवासी ग्राम नरखेड़ा थाना मूंढापाण्डे,मुरादाबाद बताया गया तथा भागे हुये साथी का नाम नजीर बताया गया।

अभियुक्त वसीम के विरुद्ध थाना मूंढापाण्डे पर दिनांक 15.08.2025 को मु0अ0सं0-368/2025 धारा 3/5/8 गौवध निवारण अधिनियम तथा 11 पशु क्रूरता अधिनियम तथा इससे पूर्व गौकशी के 02 अन्य अभियोग पंजीकृत है। मौके से आरोपी वसीम के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 खोखा व 01 जिन्दा कारतूस,पशु काटने के उपकरण बरामद हुए। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु सीएचसी, मूंढापाण्डे भेजा गया है। फरार आरोपी की तलाश जारी है एवं अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है, इस संबंध में थाना मूँढापाण्डे पर मु0अं0स0- 3862025 धारा- 109(1) बीएनएस व धारा 3/25 शस्त्र अधि0 पंजकृत किया गया ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

वसीम पुत्र नजीर अहमद निवासी ग्राम नरखेड़ा थाना मूंढापाण्डे,मुरादाबाद

**बरामदगीः-**

एक कट्टे मे गौवध करने के औजार,एक अवैध तमंचा 315 बोर,एक खोखा कारतूस 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर ।

**आपराधिक इतिहास-**

वसीम पुत्र नजीर अहमद निवासी ग्राम नरखेडा थाना मूढापाण्डे जिला मुरादाबाद
मु0अ0सं0 49/15 धारा 5ए/8 सीएस एक्ट व 11 पशु क्रुरता अधि0 थाना मूढापाण्डे मुरादाबाद
मु0अ0सं0 722/18 धारा 3/5/8 सीएस एक्ट व 11 पशु क्रुरता अधि0 थाना मूढापाण्डे मुरादाबाद

**अभि0 के अन्य अपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।**

**गिरफ्तार करने वाली टीम थाना मूढापाण्डे , मुरादाबादः-**
श्री मोहित कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना मूढापाण्डे जनपद मुरादाबाद
व0उ0नि0 दीपक चौहान चौहान थाना मूढापाण्डे जनपद मुरादाबाद
उ0नि0 मुकेश सिंह थाना मूढापाण्डे जनपद मुरादाबाद
उ0नि0 श्री प्रदीप कुमार थाना मूढापाण्डे जनपद मुरादाबाद
उ0नि0 आकाश त्यागी थाना मूढापाण्डे जनपद मुरादाबाद
हे0का0 रिक्की तोमर थाना मूढापाण्डे जनपद मुरादाबाद
हे0का0 संजय कुमार थाना मूढापाण्डे जनपद मुरादाबाद
हे0का0 कुलदीप कुमार थाना मूढापाण्डे जनपद मुरादाबाद
हे0का0 जबर सिह थाना मूढापाण्डे जनपद मुरादाबाद
का0 गौरव कुमार थाना मूढापाण्डे जनपद मुरादाबाद
का0 भानु प्रताप सिह थाना मूढापाण्डे जनपद मुरादाबाद
का0 सौरभ त्यागी थाना मूंढापाण्डे,मुरादाबाद।